# Daily Current Affairs- 09/12/20

1. **केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण उत्तर प्रदेश और बिहार में चिड़ियाघर में मान्यता**

- सीजेडए ने शहीद अशफ़ाकुल्लाह खान प्राणि उदयन को मान्यता दी है जो गोरखपुर और नालंदा में राजगीर ज़ू सफारी में स्थित है।
- कानपुर प्राणि उद्यान के बाद यह यूपी का दूसरा सबसे बड़ा चिड़ियाघर है।

2. **इंडिया मोबाइल कांग्रेस (IMC) 2020**

- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 08 दिसंबर 2020 को इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2020 को संबोधित किया। IMC 2020 का आयोजन दूरसंचार विभाग, भारत सरकार और सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया (COAI) द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम 8 से 10 दिसंबर 2020 तक आयोजित किया जाएगा।
- IMC 2020 का विषय "**समावेशी नवाचार - स्मार्ट, सुरक्षित, स्थायी**" है।
- **IMC 2020 के बारे में:** इसका उद्देश्य डिजिटल समावेशिता, सतत विकास, उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने में मदद करना है। इसका उद्देश्य विदेशी और स्थानीय निवेश संचालित करना, दूरसंचार और उभरते हुए प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अनुसंधान तथा विकास को प्रोत्साहित करना भी है।
- IMC 2020 में विभिन्न मंत्रालयों, दूरसंचार CEOs, वैश्विक CEOs, 5G, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड एंड एज कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, साइबर सुरक्षा, स्मार्ट सिटीज और ऑटोमेशन में क्षेत्र विशेषज्ञों की भागीदारी देखने को मिलेगी।

3. **वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'स्मगलिंग इन इंडिया रिपोर्ट 2019-20' जारी की**

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) के 63वें स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन किया।
- इस अवसर पर स्मगलिंग इन इंडिया रिपोर्ट 2019-20 का लोकार्पण भी किया, जिसमें सोना और विदेशी मुद्रा तथा नशीले पदार्थो की तस्करी, व्यावसायिक धोखा-धडी और सुरक्षा का विश्लेषण किया गया है।



- इस मौके पर DRI कोचीन जोनल इकाई के नाजिमुद्दीन टी एस और DRI जयपुर में दर्ज एक मामले में स्वतंत्र गवाह सुमेर सेन को बहादुरी पुरस्कार से नवाजा गया।
- DRI उत्कृष्ट सेवा सम्मान 2020 भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी बी. शंकरन को प्रदान किया गया।

**4. आकाश मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण**

- भारतीय वायु सेना ने कॉम्बैट गाइडेड वेपन्स फायरिंग 2020 अभ्यास के दौरान आंध्र प्रदेश में सूर्यलंका परीक्षण फायरिंग रेंज में आकाश मिसाइलों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
- इस अभ्यास का उद्देश्य दुश्मन के विमानों को मार गिराने के लिए संघर्ष के दौरान विभिन्न परिदृश्यों का अभ्यास करना था।
- **नोट:** DRDO द्वारा डिजाइन और विकसित, आकाश भारतीय सेना और वायु सेना में शामिल सबसे सफल, स्वदेशी-निर्मित मिसाइलों में से एक है।

**5. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और आयुष मंत्रालय ने आयुष निर्यात संवर्धन परिषद (AEPC) की स्थापना का निर्णय लिया**

- यह निर्णय हाल ही में आयुष व्यापार और उद्योग की संयुक्त समीक्षा में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल तथा आयुष मंत्री श्री श्रीपद नाइक द्वारा लिया गया था।
- **नोट:** आयुष निर्यात को बढ़ावा देने के लिए संपूर्ण आयुष क्षेत्र मूल्य एवं गुणवत्ता प्रतिस्पर्धा को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करेगा।
- आयुष "ब्रांड इंडिया" गतिविधियों में प्रमुखता से काम करेगा।

**6. ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2020**

- पहला स्थान- अफगानिस्तान
- दूसरा स्थान- इराक
- तीसरा स्थान- नाइजीरिया
- **आठवां स्थान- भारत**



- **नोट:** ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स (GTI) एक रिपोर्ट है जिसे इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (IEP) द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित किया जाता है।

- GTI ग्लोबल टेररिज्म डेटाबेस (GTD) के डेटा पर आधारित है जिसे मैरीलैंड विश्वविद्यालय में आतंकवाद और प्रतिक्रियाओं के अध्ययन के लिए नेशनल कंसोर्टियम द्वारा एकत्र किया जाता है। इसमें 163 देश शामिल हैं।

**7. भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट (2020)**

- **T20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला**

  भारत ने 3 मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीती

- **एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला**

  ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीती

**8. राधाकृष्णन नायर भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त**

- एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (AFI) ने जुलाई में बहादुर सिंह के इस्तीफे के बाद खाली पद को भरने के लिए, राधाकृष्णन नायर को अपना पूर्णकालिक मुख्य कोच नियुक्त किया।

- **नोट:** नायर, जो एक प्रमाणित तकनीकी अधिकारी और विश्व एथलेटिक्स लेवल -5 कोच हैं, ने भारत में कोच शिक्षा प्रणाली को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

- वह पहले भारतीय हैं जिनके पास अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति का अंतर्राष्ट्रीय कोचिंग संवर्धन कार्यक्रम प्रमाणपत्र है।

**9. केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को अपनी पुस्तक "पायनियर ऑफ़ ह्यूमैनिटी: महर्षि अरविंद" की पहली प्रति भेंट की**

- श्री अरविंद पूरी तरह से भारतीय संस्कृति, भारतीय मूल्यों, भारतीय राष्ट्रवाद और भारतीय दर्शन के लिए समर्पित व्यक्ति थे।

- पुस्तक हिंदी में 'मानवता के प्रणेता: महर्षि अरविंद' शीर्षक से है।

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

## 10. 9 दिसंबर, अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस 2020

- इस वर्ष का विषय 'यूनाइटेड अगेंस्ट करप्शन' है।
- संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, हर साल 1 ट्रिलियन डॉलर का भुगतान रिश्वत के रूप में किया जा रहा है, जबकि 2.6 ट्रिलियन डॉलर को भ्रष्ट उपायों के कारण चुराया गया है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के अनुसार, यह अनुमान लगाया जाता है कि विकासशील देशों में भ्रष्टाचार के कारण 10 गुना धनराशि का पता नहीं चलता है।
- **नोट:** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 31 अक्टूबर, 2003 को भ्रष्टाचार के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन को अपनाया। भ्रष्टाचार के बारे में जागरूकता लाने और इसे रोकने और इसे रोकने में भ्रष्टाचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए महासभा ने 9 दिसंबर को विश्व भ्रष्टाचार विरोधी दिवस के रूप में नामित किया। कन्वेंशन दिसंबर 2005 में लागू हुआ।

gradeup

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests